तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **खेमसिंह जोधा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ़)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353413236213008	[illegible]
09/06/26	अपीलार्थी खेमसिंह जोधा निवासी ग्राम पंचायत शिकारपुरा, लूणी, जोधपुर ने लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ़) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 02.04.2026 श्रीमान शासन उप सचिव महोदय राजस्थान सरकार (ग्रुप–6) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.4(10) राज–6/2024/8 जयपुर दिनांक 04.04.2026 की पालना में "रास्ता खोलो अभियान" के तहत कार्यालय उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ़ के क्षेत्राधिकार के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्ति हेतु जारी आदेश की प्रमाणित छाया प्रतियां उपलब्ध करवाने व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ़) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ़) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 35 दिनांक 29.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने के कारण उपलब्ध नहीं करवाई जा सकी जिसके संबंध में कार्यालय के पत्र 33 दिनांक 29.05.2026 द्वारा शून्य सूचना पंजीकृत डाक द्वारा भिजवाई जा चुकी है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
22737989
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector and District Magistrate
Date: 2026.06.[illegible] 12:23:37 IST
Reason: Approved